<u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

विषय – हिंदी कक्षा –आठ अभ्यास पत्र दिसंबर (2024-2025)

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हमारे देश को दो बातों की सबसे पहले और सबसे ज्यादा जरूरत है । एक शक्तिबोध और दूसरा सौंदर्यबोध। शक्तिबोध का अर्थ है – देश की शक्ति या सामर्थ्य का ज्ञान । दूसरे देशों की तुलना में अपने देश को हीन नहीं मानना चाहिए। इससे देश के शक्ति के शक्तिबोध को आघात पहुँचता है। सौंदर्यबोध का अर्थ है किसी भी रूप में कुरुचि की भावना को पनपने न देना। इधर-उधर कूड़ा फ़ेंकना , बातचीत में गंदे शब्दों का प्रयोग करना , इधर-उधर की लगाना , समय देकर न मिलना आदि से देश के सौंदर्य बोध को आघात पहुँचता है। देश के शक्तिबोध को जगाने के लिए हमें चाहिए कि हम दूसरे देशों की अपेक्षा सदा अपने देश को श्रेष्ठ समझें । ऐसा न करने से देश के शक्तिबोध को आघात पहुँचता है। यह उदाहरण इस तथ्य की पुष्टि करता है- शल्य महाबली कर्ण का सारथी था। जब भी कर्ण अपने पक्ष की विजय की घोषणा करता हुँकार भरता; शल्य अर्जुन की अजेयता का हल्का -सा उल्लेख कर देता। बार-बार इस उल्लेख ने कर्ण के सघन आत्मविश्वास में संदेह की दीवार डाल दी जो उसकी पराजय की नींव रखने में सफल हो गई।

(**क**) **शक्तिबोध का क्या अर्थ है?**

(i) अपनी शक्ति दिखाना
(ii) दूसरे की ताकत को आजमाना
(iii) शेखी बघारना
(iv) देश की शक्ति या सामर्थ्य का ज्ञान

(ख)दूसरे देशों की अपेक्षा सदा अपने देश को श्रेष्ठ समझना चाहिए क्योंकि ऐसा न करने से-

(i) देश के शक्तिबोध को आघात नहीं पँहुचता है।
(ii) देश के शक्तिबोध को आघात पँहुचता है।
(iii) आत्मविश्वास में संदेह की दीवार पड़ती है
(iv) भावी पराजय की नींव पड़ती है।

(ग) सारथी शल्य ने कर्ण की पराजय की नींव कैसे डाली?

(i) युद्धक्षेत्र में रथ रोककर
(ii)युद्धक्षेत्र में कर्ण को अकेला छोड़कर
(iii)कर्ण के आत्मविश्वास का बल बढ़ाकर
(iv) कर्ण के आत्मविश्वास में संदेह की दीवार डालकर

(घ) हमारे देश को सबसे पहले और सबसे ज्यादा किन दो बातों की जरूरत है और उनका क्या महत्त्व है?

(ड़) शल्य और कर्ण के उदाहरण से आपने क्या समझा ?

प्रश्न 2. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

i) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए -

क) हस्तलिखित
ख) गृहप्रवेश
ग) पंचरत्न
घ) नीलांबर
ङ) मीनाक्षी
च) चरणकमल
छ) महावीर

ii) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए –

क) आसमान सर पर उठाना
ख) उल्टी गंगा बहाना
ग) उधेड़-बुन में पड़ना
घ) ओखली में सर देना
ङ) एक आँख से देखना

प्रश्न 3.निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में दीजिए।

1) हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को पानी ने अपना पूर्वज/पुरखे क्यों कहा?
2) "पानी की कहानी" पाठ के आधार पर पानी के जन्म और जीवन-यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए?

प्रश्न 4. छात्रवृत्ति पाने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए |